


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 26 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 110 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया, पेज-3







# जयपुर में बवाल

## मस्जिद के समीप से पत्थर हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद, भीड़ ने किया पथराव, बंद की गयी इंटरनेट सेवा

## पुलिस ने भांजी लाठी, छोड़े आंसू गैस के गोले



**जयपुर।** जयपुर के चोमू कस्बे में शुक्रवार तड़के एक मस्जिद के बाहर से कुछ पत्थर हटाने को लेकर हिंसा भड़क गई, जिसके बाद अधिकारियों को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े। अधिकारियों के मुताबिक, वे कलांदरी मस्जिद के बाहर से कुछ पत्थर हटाने की कोशिश कर रहे थे, तभी भीड़ जमा हो गई और उन पर पत्थर फेंकने लगी। यह घटना सुबह करीब 3 बजे हुई, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक बयान में पुलिस ने कहा कि वे स्थानीय लोगों की सहमति के बाद ही पत्थर हटाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अचानक एक भीड़ ने उन पर हमला कर दिया और पत्थर फेंकने लगे। विरोध के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने अचानक पुलिस बल पर भारी पत्थरबाजी शुरू कर दी। हालात बेकाबू होते देख पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज किया। इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, धार्मिक स्थल के पास करीब 45 सालों से सड़क किनारे पत्थर पड़े थे। चौमू में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए इन पत्थरों को यहां से हटाने का काम चल रहा है, इसी के बाद से इलाके में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। प्रशासन ने इस घटना से जुड़े समुदाय के प्रतिनिधियों से बात भी की थी। इस मामले में आपसी सहमति के बाद ही प्रशासन ने इलाके में इन पत्थरों को हटाने का काम शुरू किया था। चौमू के इस इलाके में पत्थर हटाने का काम भी पूरा हो गया था। लेकिन जैसे ही यहां रेलिंग लगाने का काम शुरू किया गया, तो कुछ लोगों ने इस पर आपत्ति जताई और विरोध करना शुरू कर दिया। इसी विरोध ने हिंसा का रूप ले लिया।पुलिस ने इलाके में अतिरिक्त पुलिसकर्मी भी तैनात किए हैं और 27 दिसंबर को सुबह 7 बजे तक 24 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट और SMS सेवाओं को अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया है। इस बीच, सुबह हुई झड़पों के बाद इलाके में दुकानें बंद रही हैं।

● इलाके में भारी फोर्स तैनात, दुकानें बंद, लोग घरों में कैद

### वरिष्ठ अधिकारियों ने इलाके का दौरा किया

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर डॉ. राजीव पचार, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (पश्चिम) हनुमान प्रसाद मीणा और अतिरिक्त DCP राजेश गुप्ता सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने इलाके का दौरा किया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस पर पत्थर फेंकने वालों और हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे गिरकर 89.93 पर आया



**नई दिल्ली।** शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 22 पैसे गिरकर 89.93 पर आ गया। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी देखने को मिली। विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव के बीच सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट दर्ज की गई। बाजार की धारणा कमजोर बनी रही, जिसका असर कम ट्रेडिंग वॉल्यूम और घरेलू स्तर पर किसी बड़े सकारात्मक संकेत की कमी के रूप में दिखा। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 183.42 अंक गिरकर 85,225.28 पर आ गया। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 46.45 अंक गिरकर 26,095.65 पर पहुंच गया।

## चांदी 2.32 लाख प्रति किलो के रिकॉर्ड पर, सोना पहली बार 1.39 लाख के पार



**नई दिल्ली।** कीमती धातुओं में शुक्रवार को जबरदस्त उछाल देखने को मिला। लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रखते हुए चांदी वायदा बाजार में 8,951 की छलांग लगाकर 2,32,741 प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वैश्विक बाजार में चांदी के दाम 75 डॉलर प्रति औंस के पार निकलने से घरेलू बाजार में भी जोरदार खरीदारी दिखी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च 2026 डिलीवरी वाली चांदी 8,951 या करीब 4 प्रतिशत उछलकर अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गई। सोने ने भी नया इतिहास रच दिया। एमसीएक्स पर फरवरी डिलीवरी वाला सोना पहली बार 1.39 लाख प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया। लगातार चौथे सत्र में बढ़त के साथ सोना 1,119 या 0.81 प्रतिशत चढ़कर 1,39,216 प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

## ट्रेनों की एसी श्रेणियों में प्रति किलोमीटर 2 पैसे की किराया बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** रेलवे का बढ़ा हुआ किराया 26 दिसंबर से लागू हो गया है। 215 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। द्वितीय श्रेणी आर्डिनरी ट्रेनों के किराये में 2025 किमी तक कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। द्वितीय श्रेणी आर्डिनरी ट्रेनों के किराये में 215 किमी तक कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इस बढ़े किराये के तहत 215 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पर साधारण श्रेणी के किराए में प्रति किलोमीटर 1 पैसा और मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की नॉन-एसी श्रेणियों तथा सभी ट्रेनों की एसी श्रेणियों में प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। मंत्रालय ने 21 दिसंबर को ही 26 दिसंबर से यात्री किराया बढ़ाने के फैसले का एलान कर दिया था।

## ऐसे कैसे छोड़ दिया बलात्कारी को

● कुलदीप सेंगर की रिहाई के खिलाफ हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन, फांसी की मांग



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उन्नाव रेप केस के दोषी पूर्व बीजेपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत देने के फैसले के खिलाफ शुक्रवार को हाईकोर्ट के बाहर लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने फैसले की कड़ी निंदा की और न्याय की मांग की। इस बीच पीड़िता की मां ने हाईकोर्ट के फैसले पर गहरा दुख जताया और सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही। पीड़िता की मां ने कहा, 'सेंगर की जमानत रद्द होनी चाहिए, हम सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे खटखटाएंगे। हाईकोर्ट से हमारा विश्वास उठ गया है, अगर सुप्रीम कोर्ट में भी न्याय नहीं मिला तो हम दूसरे देश चले जाएंगे। कांग्रेस नेता मुमताज पटेल ने हाईकोर्ट के फैसले को बड़ा झटका बताते हुए कहा, 'यह बहुत बड़ा झटका है, जिस तरह हाईकोर्ट ने तकनीकी आधार पर सेंगर को खुली छूट दे दी। इससे न केवल पीड़िता परिवार का, बल्कि पूरे देश की महिलाओं का विश्वास टूटा होगा। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने घोषणा की है विरोध प्रदर्शन तुरंत खत्म कर दिया जाए, नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा है कि अगर आप विरोध करना चाहते हैं, तो जंतर-मंतर पर जाएं।

## खाली होने लगा राबड़ी आवास तेजस्वी और लालू पटना से बाहर



**पटना।** बिहार में राबड़ी आवास से सामान की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। गुरुवार रात 4 से 5 छोटी गाड़ियां पटना में 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास (राबड़ी आवास) पहुंचीं। इन गाड़ियों से सामान को गोला रोड स्थित गौशाला में शिफ्ट किया गया। इसके बाद यह दूसरी जगह भेजा जाएगा। रात के अंधेरे में राबड़ी आवास पहुंचीं छोटी गाड़ियों से पौधे और गार्डन के अन्य समान निकालने की तस्वीर समाने आई है। ये शिफ्टिंग ऐसे वक्त हो रही है जब ्व्ॅ सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव दिल्ली में हैं। तेजस्वी भी बाहर हैं। घर में कोई पुरुष नहीं है। हालांकि, आरजेडी की तरफ से फिलहाल सामान शिफ्ट किए जाने को लेकर कुछ कंफर्म नहीं किया गया है। राबड़ी आवास से लाए गए पौधों को लालू यादव के गोला रोड स्थित गौशाला में रखा गया है। राबड़ी आवास से लाए गए पौधों को लालू यादव के गोला रोड स्थित गौशाला में रखा गया है।




## रक्षा मंत्रालय से प्रमुख स्वदेशी परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय की सर्वोच्च खरीद संस्था, रक्षा अधिग्रहण परिषद यानी डीएसी की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, भारतीय रक्षा बलों के लिए प्रमुख स्वदेशी परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए यह बैठक हुई। इन परियोजनाओं में दिल्ली एनसीआर क्षेत्र को हवाई खतरों से बचाने के लिए स्वदेशी एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली भी शामिल है। भारतीय सेना की ड्रोन क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से, रक्षा मंत्रालय लगभग 850 लोइटरिंग मुनिशन्स (लॉइटरिंग मुनिशन्स) खरीदने का निर्णय ले सकता है। भारतीय नौसेना द्वारा अपने युद्धपोतों पर मंडरा रहे खतरों का मुकाबला करने के लिए स्वदेशी स्रोतों से बड़ी संख्या में मध्यम दूरी की सतह से वायु में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों की खरीद के प्रस्ताव पर भी चर्चा होने की संभावना है। बैठक में भारत अमेरिका से लगभग तीन वर्षों के लिए दो सी गार्जियन MQ-9B HALE ड्रोन लीज पर लेने पर भी निर्णय लेगा।

## बीस बालकों को मिला वीरता पुरस्कार

### पुरस्कृत बच्चों से पीएम ने किया संवाद, सीएम ने की कार्यक्रम में भागीदारी

● 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बच्चों को राष्ट्रपति ने दिया पुरस्कार




**नई दिल्ली।** देशभर में आज वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर पीएम मोदी ने भी इन पुरस्कृत बच्चों से संवाद किया। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार उन बच्चों को दिया गया है, जिन्होंने वीरता, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं खेल जैसे क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है। यह पुरस्कार हर वर्ष दिया जाता है। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के सिखों की आवाज सुनी। उनके समर्पण का सम्मान करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित किया। इसे पूरे देश में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 16.0C
● तापमान न्यूनतम : 7.20C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 26 दिसम्बर, शुक्रवार, 2025 (2)


छाया : जनमुख डेस्क


शहर के पार्कों का निरीक्षण करते मंडलायुक्त एवं नगर आयुक्त
जनमुख डेस्क

# सेंगर की रिहाई पर काशी में गुस्सा

## अम्बेडकर पार्क में महिलाओं ने किया प्रदर्शन, लगाए नारे




● शासन प्रशासन और न्याय व्यवस्था की भूमिका पर उठाए गए सवाल

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी स्थित अम्बेडकर पार्क में दखल संगठन के आह्वान पर उन्नाव रेप कांड में उम्र कैद काट रहे भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर को केस में छूट दिए जाने पर महिलाओं ने आक्रोश व्यक्त किया। अम्बेडकर पार्क में जुटी सैकड़ों महिलाओं ने काली पट्टी बांधकर जिला मुख्यालय तक प्रतिरोध मार्च निकाला, और लैंगिक हिंसा, उत्पीड़न, बलात्कार के खिलाफ नारे लगाए। अम्बेडकर पार्क पर उपस्थित एकता ने बताया कि उन्नाव रेप कांड उत्तर प्रदेश के सबसे जघन्य और चर्चित मामलों में से एक रहा है, जिसने सत्ता, पुलिस और न्याय व्यवस्था की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2017 में उन्नाव जिले की एक नाबालिग लड़की के साथ तत्कालीन भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर ने बलात्कार किया। पीड़िता और उसके परिवार को धमकियाँ, झूठे मुकदमे, और हिंसा का सामना करना पड़ा। पीड़िता के पिता की पुलिस हिरासत में संदिग्ध मौत हुई। 2019 में पीड़िता के साथ हुए संदिग्ध कार हादसे में उसकी दो चाचियों की मौत हुई। वकीलों तक को धमकियां मिली। भारी जनदबाव और सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद मामला सीबीआई को सौंपा गया और दिल्ली स्थानांतरित हुआ। उन्नाव में ये दबंगई और दमन खुलेआम होती रही। प्रतिरोध मार्च में शामिल नारीवादी कार्यकर्ता स्मिता ने मीडिया बताया कि वर्ष 2020 में दिल्ली की अदालत ने कुलदीप सेंगर को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई थी। अभी उच्च न्यायालय ने सेंगर की सजा में स्थगन आदेश जारी किया है। प्रतिरोध मार्च में शामिल दखल संगठन की युवा कार्यकर्त्री जागृति राही ने बोला कि मीडिया रिपोर्ट की माने तो सीबीआई मान सुप्रीम कोर्ट में सजा में स्थगन आदेश का प्रतिरोध करने का तय की है। हम इस पहल का स्वागत करते है। लेकिन सत्ता प्रशासन पार्टी के इस गठजोड़ में पिस रही पीड़िता और महिला अस्मिता पर चिंताग्रस्त हैं।






## संकल्प संस्था ने बांटे तुलसी के पौधे

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर संकल्प संस्था की ओर से चौक क्षेत्र में कन्हैयालाल गुलालचंद सर्राफ प्रतिष्ठान के सामने तुलसी के पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संकल्प संस्था के संरक्षक अनिल कुमार जैन ने कहा कि तुलसी माता का भारतीय सनातन परंपरा में विशेष आध्यात्मिक महत्व है। तुलसी का पूजन मन की शुद्धि, सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम है। कार्यक्रम में संतोष अग्रवाल (कर्णघंटा), आलोक कुमार जैन, संजय अग्रवाल (गिरिराज), प्रमोद कुमार, मनीष, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और तुलसी के पौधे प्राप्त कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

## मंडलायुक्त एवं नगर आयुक्त ने किया शहर के पार्कों का स्थलीय निरीक्षण

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की बेहतर व्यवस्था, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज 25 दिस. गुरुवार को मंडल आयुक्त, वाराणसी एस. राज लिंगम एवं नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा मच्छोदरी पार्क तथा स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित बेनिया बाग पार्क एवं पार्किंग स्थल का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया।



## मंत्री ने बांटे टूल किट और चेक

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सुशासन दिवस के अवसर पर मंडलीय सभागार, वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री रविंद्र जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूनम मौर्य तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत दर्जी ट्रेड के लाभार्थियों को टूलकिट एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत चेक वितरण किया गया।

## त्रिदेव मंदिर में लगा कचौड़ी-जलेबी का भोग

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लंका मार्ग स्थित दुर्गाकुंड स्थित त्रिदेव मंदिर में गुरुवार को तीनों विग्रह रानी सती सालासर हनुमानजी खाटू श्याम जी को कचौड़ी जलेबी भोग लगाकर प्रसाद के रूप में भक्तों को वितरण किया गया। साथ ही ठंड को देखते हुए गरम-गरम चाय भी भक्तों को पिलाई गई। संस्था के अध्यक्ष भरत सराफ ने बताया कि त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार संस्था द्वारा निरंतर 18 वर्षों से भक्तों की सेवा के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।

## महामना जयंती पर लोक-संस्कृति राष्ट्रमूल्य और सेवा भाव का उत्सव




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सेवाज्ञ संस्थानम् के तत्वावधान में आयोजित महामना महोत्सव का उद्घाटन समारोह आज गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस महोत्सव में कुल 8 प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी जिनका समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण 8 जनवरी 2026 को स्वतंत्रता भवन में संपन्न होगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हरेंद्र कुमार राय (सदस्य, शिक्षा सेवा चयन आयोग) ने अपने संबोधन में कहा कि महामना महोत्सव का उद्देश्य महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के विचारों, शिक्षा-दृष्टि और राष्ट्रसेवा के मूल्यों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना है।

## अटल एवं मालवीय जयंती पर स्वास्थ्य शिविर एवं कंबल वितरण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर पर्यावरण विद एवं गंगा हरितिमा अभियान के ब्रांड अंबेसेडर अनिल कुमार सिंह के अगुवाई में गुरुवार को ग्राम प्रधान रमेश शाहनी के आवास पर आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष सुरेश सिंह, 95बटालियन सीआरपीएफ के सूबेदार मेजर और पीआरओ प्रवीण सिंह की पूरी टीम,जेन काशी हास्पिटल की निदेशिका डिम्पल परमार, मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह द्वारा क्षेत्र से आए हुए सैकड़ो जरूरतमंद बुजुर्ग लोगो को कंबल वितरण किया गया और मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप में सभी को मुफ्त में जांच व दवाइयां बांटी गईं।

## सिगरा स्टेडियम में वॉलीबॉल का महाकुंभ



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आगामी 4 से 11 जनवरी 2026 तक सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) का भव्य आयोजन होगा। गुरुवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों की रूपरेखा तैयार की। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से वाराणसी को इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ है। यह पहली बार है जब पूर्वांचल में इस स्तर की सीनियर नेशनल चैंपियनशिप होने जा रही है, जो काशी की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक खेल अधोसंरचना के समन्वय को प्रदर्शित करेगा। बैठक में महापौर ने खिलाड़ियों, कोच व अन्य आगंतुकों के रहने और खान-पान की अंतरराष्ट्रीय स्तर की व्यवस्था करने का कड़ा निर्देश दिया। इस आयोजन को खास बनाने के लिए नंदी से प्रेरित 'नंदू' और गंगा डॉल्फिन 'नीरा' को शुभंकर बनाया गया है। खेल की सुचिता बनाए रखने के लिए खिलाड़ियों का औचक एंटी-डोपिंग टेस्ट भी किया जाएगा। महापौर ने स्टेडियम की सुविधाओं, दर्शक दीर्घा, सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने का अल्टीमेटम दिया है।

## हृदय प्रकाश एकादश ने लालजी एकादश को दस विकेट से धोया

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मैन आफ द मैच पुरुषोत्तम चतुर्वेदी (5-9) की घातक गेंदबाजी के दम पर हृदय प्रकाश एकादश ने यहां डॉक्टर सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में गुरूवार को लालजी एकादश को दस विकेट से पराजित कर बड़ी जीत हासिल की। काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के तत्वावधान में आनन्द चंदोला खेल महोत्सव के तहत प्रथम चरण में क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन लालजी एकादश ने टास हार कर पहले खेलते हुए बल्लेबाजों की विफलताओं के चलते 13.4 ओवर में केवल 44 रन पर सिमट गयी। अजीत सिंह (11) ही टीम की ओर से केवल दहाई का आंकड़ा पार कर सके। जवाब में खेलने उतरी हृदय प्रकाश एकादश ने अमित मिश्र प्रथम के अजेय 27 और अमित मिश्र द्वितीय अजेय 10 रन के सहारे 3.4 ओवर में ही बिना विकेट खोए 47 रन बना लिए। मैच में अम्पायरिंग आरपी गुप्ता और हेमंत ने तथा स्कोरिंग नन्द किशोर यादव ने की। इससे पहले नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया।

# बालाजी पैलेस काशी में पूजी गयीं तुलसी



● नवप्रारंभित 'इच्छा स्वाद' रेस्टोरेंट में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सनातन धर्म की आध्यात्मिक राजधानी काशी में स्थित बालाजी पैलेस काशी द्वारा अपने नवप्रारंभित मल्टी क्यूज़ीन रेस्टोरेंट 'इच्छा स्वाद' में मंगलवार को तुलसी दिवस का आयोजन पूर्ण सनातन परंपरा एवं काशी की सांस्कृतिक गरिमा के अनुरूप भव्य रूप से संपन्न किया गया। इस अवसर पर वृंदावन धाम से पधारे वैदिकपथिक पंडित अनुराग शास्त्री का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों, उसकी वर्तमान प्रासंगिकता तथा आज के समय में सनातनी जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाह्न 11:30 बजे किया गया। इस अवसर पर अतिथियों के लिए विशेष सात्विक सनातन व्यंजनों की व्यवस्था की गई, साथ ही काशी की प्राचीन सांस्कृतिक परंपराओं का सजीव प्रस्तुतीकरण भी किया गया। कार्यक्रम में होटल के समस्त स्टाफ के साथ-साथ रामकथा के अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से पधारे 200 से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर रोहित डालमिया, विपुल बांका, नमन लोहिया, अंशुल लोहिया, होटल के जीएम आनंद सहित होटल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। उक्त जानकारी अनुराग चांदवासिया ने दी तथा श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यह भी घोषणा की गई कि इच्छा स्वाद रेस्टोरेंट में आज से 1 जनवरी 2026 तक आगंतुकों को न्यूनतम ऑर्डर पर विशेष सुनिश्चित छूट प्रदान की जाएगी।

# भारत सदैव वाजपेयी जी का ऋणी रहेगा

● सर्व वैश्य समाज ने मनायी भारत रत्न अटल जी की जयंती

● पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का संकल्प



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सर्व वैश्य समाज के संरक्षक मंत्री रविन्द्र जायसवाल के नेतृत्व में एक बैठक समिति के पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाऊस में आयोजित की गई। बैठक में भारत रत्न पंडित महामना मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सर्व वैश्य समाज के समस्त पदाधिकारियों ने जयंती मनाई। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सर्व वैश्य समाज के सभी वर्गों के समस्त मतदाताओं का नाम जुड़वाने पर व्यापक चर्चा हुई। समिति के अध्यक्ष आर के चौधरी ने कहा कि सर्व वैश्य समाज जिसका एक समृद्ध इतिहास रहा है और ये समाज सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहता हैं ऐसे में यह समाज सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में नाम जोड़ने व अपने आस पास के समस्त नागरिकों का नाम जुड़वाने के लिए संकल्पबद् है। समिति के महामंत्री दीपक कुमार बजाज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मतदान हम सभी का संवैधानिक अधिकार है साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत बतौर नागरिक एक विशेष दायित्व भी है। सर्व वैश्य समाज के सभी वर्गों के समस्त सदस्य इस बात को सुनिश्चित करें कि एक भी व्यक्ति जो भारत देश का नागरिक है जो यहाँ का मूल निवासी है उसका नाम इस सूची से कटने न पाए साथ ही अपने जानकारी में वह व्यक्ति जिसने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो उसका नाम अवश्य मतदाता सूची में अंकित हो जाये आइए हम सब मिलकर भारत सरकार के इस अभियान को सफल बनाएं।

# कविता पाठ से अटल जी को श्रद्धांजलि

## बाजपेयी जी की जयंती पर कवियों का जमावड़ा

● क्या हार में क्या जीत में, किंचित नहीं भयभीत मैं,
कर्तव्य पथ पर जो भी मिला ये भी सही वो भी सही,
वरदान नहीं मागूंगा, हो कुछ, पर हार नहीं मानूंगा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय गुलाब बाग पर भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी एवं पूर्व प्रधानमंत्री की जन्म शताब्दी के उपलक्ष में गुरुवार को महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि की अध्यक्षता में जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद गुप्ता ने किया धन्यवाद कार्यक्रम के संयोजक मधुकर चित्रांश ने किया। कार्यक्रम में कवि बद्री विशाल ने अटल जी की कविता 'सब पर भारी थे अटल बिहारी' और 'हार नहीं मानूंगा सुनाया'। कवि सिद्धनाथ शर्मा ने 'कदम मिलाकर चलना होगा' आशिक बनारसी ने 'एक खिलता हुआ गुलाब का जवाब थे साहब' सभी का मन मोह लिया। गोपाल केसरी ने अटल जी पर गजल गया। कार्यक्रम प्रारंभ होने के पहले गुलाब बाग कार्यालय में अटल जी के जीवन यात्रा से संबंधित लगी चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन लोकसभा के प्रभारी विधान परिषद सदस्य अश्वनी त्यागी एवं महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने किया। महानगर अध्यक्ष पूर्व विधान परिषद सदस्य वीणा पाण्डेय एवं पूर्व अध्यक्ष प्रेम कपूर एवं विद्यासागर राय ने हाकरों को कंबल बाटकर वितरित किया। कार्यक्रम में पूर्व मेयर मृदुला जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता राम अवतार पाण्डेय, पूर्व डिप्टी मेयर रतन सिंह, संजय भारद्वाज, प्रदर्शनी के संयोजक चंद्रशेखर उपाध्याय, नगर निगम के उपसभापति नरसिंह दास, पूर्णमासी गुप्ता, सुजीत सिंह टीका, जगदीश त्रिपाठी, आदि शामिल रहे।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544

## सुल्तानपुर समाचार

### दूबेपुर में युवक का शव फंदे से लटका मिला



**सुलतानपुर।** दूबेपुर के धम्मौर थाना क्षेत्र स्थित लौहर पश्चिम गांव में एक युवक का शव उसके कमरे में पंखे से लटका मिला। मृतक की पहचान लगभग 25 वर्षीय संदीप के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि संदीप खाड़ी देश में मजदूरी करता था और लगभग एक महीने पहले ही छुट्टी पर घर आया था। वह अपनी पत्नी किरन और दो छोटे बच्चों के साथ रहता था। कुछ दिनों पहले उसकी पत्नी बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई थी। गुरुवार रात संदीप ने घर पर खाना खाया और अपने कमरे में सोने चला गया था। शुक्रवार सुबह काफी देर तक उसके कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजनों और ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई। खिड़की से झांककर देखने पर संदीप का शव कमरे के अंदर मफलर के सहारे फंदे से लटका पाया गया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची धम्मौर पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई की। धम्मौर थाना प्रभारी अंजू मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है।

## मऊ समाचार

### कोहरे के कारण एक फरवरी तक दो ट्रेनें निरस्त

**मऊ।** कोहरे का असर ट्रेनों के संचालन पर दिखने लगा है। गोरखपुर से वाराणसी सिटी तक चलने वाली वाराणसी सिटी इंटरसिटी एक्सप्रेस और गोरखपुर कैंट इंटरसिटी एक्सप्रेस अगले एक माह तक निरस्त रहेगी। इस रूट पर चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के 6 से 7 घंटे तक लेट चलने से इसे निरस्त किया गया है। वाराणसी सिटी इंटरसिटी एक्सप्रेस (15129) रोज सुबह 10:10 बजे गोरखपुर कैंट से रवाना होती है और देवरिया सदर, बेल्थरारोड, मऊ, औंड़िहार होते हुए दोपहर 3:36 बजे वाराणसी सिटी पहुंचती है। यह ट्रेन 26 दिसंबर से एक फरवरी 2026 तक नहीं चलेगी। गोरखपुर कैंट इंटरसिटी एक्सप्रेस (15130) रोज सुबह 11:45 बजे वाराणसी सिटी से रवाना होती है। औंड़िहार होते हुए दोपहर 01:25 बजे मऊ जंक्शन और शाम को 05:25 बजे गोरखपुर कैंट पहुंचती है।

## भदोही समाचार

### 3.58 करोड़ की लागत से फरवरी तक बन जाएगा कल्याण मंडप



**भदोही।** फत्तूपुर में निर्माणाधीन कल्याण मंडप अगले साल फरवरी महीने तक तैयार हो जाएगा। परियोजना को साल 2023-24 में स्वीकृति मिली थी। इसे जुलाई 2025 में बन कर तैयार हो जाना था, अब भी इसके काफी काम शेष हैं। नगर पालिका के अनुसार इसे तैयार होने में अभी दो महीने का समय लग सकता है। शहर में 12 से ज्यादा निजी मैरिज लॉन हैं। अधिक किराया होने के कारण आम आदमी वहां अपने मांगलिक कार्यक्रम नहीं करा पाते। गरीब और मध्यम वर्ग को लाभान्वित करने के उद्देश्य से नगर पालिका ने कल्याण मंडप के निर्माण की शिफारिश शासन से की थी। इसकी स्वीकृति के बाद निर्माण हो रहा है, लेकिन समय पर काम पूरा नहीं हो सका है। पालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज सिंह ने बताया कि परियोजना लागत 3.58 करोड़ है। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएनडीएस) करा रही है। निर्माण की लागत राशि कार्यदायी संस्था को अवमुक्त किए जा चुके हैं। पिछले दिनों शासन स्तर से भी निर्माण का निरीक्षण किया गया था। इसमें निर्माण एजेंसी ने मार्च तक निर्माण पूरा करके नगर पालिका को सौंपने का आश्वासन दिया था, लेकिन शासन स्तर से उसे फरवरी महीने के अंत तक निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए गए थे।

## देवरिया समाचार

### मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**रुद्रपुर।** मारपीट में घायल गोनाह सुरतपुरा गांव निवासी मनीष तिवारी 40 की मेडिकल कॉलेज देवरिया में इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। बृहस्पतिवार को उनका गांव के ही एक शख्स से विवाद हुआ था।

पुलिस के अनुसार दोनों शराब के नशे में थे और मारपीट के दौरान मनीष के सिर में गंभीर चोट आई। घायल अवस्था में उन्हें सीएचसी लाया गया जहां हालात नाजुक देख चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान रात्रि 9:00 बजे उनकी मौत हो गई। सिर में चोट लगने से अत्यधिक रक्त स्राव होना मौत का कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी चंद्र मोहन मिश्रा के खिलाफ पहले ही हत्या के प्रयास का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार कर चुकी है।

## बलिया समाचार

### दुकान बंद कर घर लौट रहे दुकानदार की गोली मार कर हत्या



**बलिया।** जिले के रसड़ा कोतवाली के राघोपुर चट्टी से एक किलोमीटर नगरा रोड पर एक दिल दहलाने वाली घटना हुई। बृहस्पतिवार की रात में अंग्रेजी शराब की दुकान के पास चखना विक्रेता संतोष सिंह उर्फ बागी (48) की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी।

घटना की खबर लगते ही मौके पर खलबली मच गई। पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की, फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाया। अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश शुक्ल ने कहा कि गाजीपुर के कासिमाबाद थाना के बेलसडी निवासी संतोष सिंह ने शराब की दुकान के बगल में चखना की दुकान खोली थी। रात में अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गोलू सिंह निवासी शेखनपुर थाना कासिमाबाद गाजीपुर अपने साथियों के साथ आकर पिस्टल से फायर करके संतोष की हत्या कर दी। संतोष सिंह के सिर पर एक गोली और पेट पर एक गोली लगी। उधर, अभियुक्त हत्या करके मौके से भाग गए। परिजन से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पुलिस द्वारा सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## जौनपुर समाचार

### दो घंटे में कटे 30 पर्चे, ओपीडी में घट गए 30 फीसदी मरीज

**जौनपुर।** घने कोहरे और ठंड के कारण जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या घट गई है। बृहस्पतिवार को दो घंटे में महज 30 मरीजों ने ओपीडी में चिकित्सकों को दिखाने के लिए पर्चे कटवाए। डाक्टरों ने 268 मरीजों का इलाज किया। सामान्य दिनों के मुकाबले ओपीडी में 30 से 40 फीसदी मरीज कम पहुंचे। बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे ओपीडी शुरू हुई। सुबह नौ बजे तक 25 से 30 मरीज ही अस्पताल पहुंचे थे। जो मरीज आए, वे ओपीडी में डॉक्टर को दिखाकर लौट गए। बड़े दिन का अवकाश होने के कारण जिला अस्पताल में 268 मरीज ही इलाज कराने पहुचे। अस्पताल 12 बजे बंद हो गया। दवा के लिए काउंटर पर गिने-चुने मरीज ही दिख रहे थे। जबकि सामान्य दिनों में नौ बजे तक 100 से 200 पर्चे कट जाते हैं। इसी तरह सुबह 10 से 12 बजे तक 600 से 900 पर्चे कटते हैं।

## सोनभद्र समाचार

### 30दिसम्बर तक जनसामान्य निरीक्षण कराने तथा प्रपत्र-2, प्रपत्र-3 एवं प्रपत्र-4 प्राप्त करने हेतु समस्त बी0एल0ओ0 अपने आवंटित मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची सहित रहेंगे उपस्थित



**सोनभद्र।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं0) सोनभद्र ने अवगत कराया है। कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार संशोधित अधिसूचना के क्रम में जनपद से निर्गत संशोधित सार्वजनिक सूचना के द्वारा निर्धारित समय-सारणी अनुसार जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य गतिमान है। 23 दिसम्बर, 2025 को अन्तिम मतदाता सूची के आलेख्य का प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होंने जनसामान्य के निरीक्षण हेतु अन्तिम मतदाता सूची की एक-एक प्रति बी0एल0ओ0/मतदान केन्द्र, उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय (तहसील परिसर) तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय (विकास खण्ड मुख्यालय) पर उपलब्ध रहेगी तथा निरीक्षण कराने हेतु कार्मिक भी नियुक्त रहेंगे। निरीक्षण हेतु निर्धारित अवधि 23.12.2025 से 30.12.2025 के मध्य जनपद के समस्त नागरिक अपना और अपने परिवार के सभी सदस्यों के नामों की निर्वाचक नामावली में त्रुटिरहित दर्ज होने की जाँच कर सकेंगे एवं त्रुटि/आपत्ति होने की दशा में निर्धारित प्रपत्रों, मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रपत्र-2, मतदाता सूची के किसी प्रविष्टि में संशोधन हेतु प्रपत्र-3 तथा मतदाता सूची में सम्मिलित नाम पर आपत्ति हेतु प्रपत्र-4 पर दावा-आपत्ति कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि 23 दिसम्बर 2025 से 30 दिसम्बर, 2025 तक जनसामान्य के निःशुल्क निरीक्षण कराने तथा प्रपत्र-2, प्रपत्र-3 एवं प्रपत्र-4 प्राप्त करने हेतु समस्त बी0एल0ओ0 अपने आवंटित मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची सहित उपस्थित रहेंगे।

मतदान केन्द्र के रूप में घोषित समस्त भवन उक्त अवधि में सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे तथा बी0एल0ओ0 निर्धारित अवधि तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक उपस्थित रहेंगे। सम्बन्धित बी0एल0ओ0 दावा-आपत्ति प्राप्त करने के साथ-साथ निर्धारित अवधि में प्राप्त दावा/आपत्ति की जांच भी करेंगे।

## गाजीपुर समाचार

### स्टीकर के नाम पर वसूली में दो पुलिसकर्मी निलंबित

**गाजीपुर।** बलिया जनपद के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र में निजी वाहनों पर स्टीकर लगाकर वसूली करने के मामले में एसपी डॉ. ईरज राजा ने बुधवार रात कासिमाबाद कोतवाली के दो आरक्षियों आशीष सिंह और मुंशी विनय सिंह को निलंबित कर दिया। वहीं, प्रभारी निरीक्षक नंदकुमार तिवारी को दायित्व निर्वहन में लापरवाही बरतने पर लाइन हाजिर कर दिया है। होमगार्ड सर्वेश यादव के खिलाफ कार्रवाई के लिए विभाग को पत्र भेजा है।

एसपी ने निलंबित पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन से संबद्ध करते हुए बिना अनुमति जनपद छोड़ने पर रोक लगा दी है। एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच कराई गई तो पता चला कि कासिमाबाद कोतवाली में तैनात आरक्षी आशीष सिंह और मुंशी विनय सिंह और एक होमगार्ड सर्वेश यादव की मिलीभगत से एक युवक निजी वाहनों पर रेडियम पट्टी लगाने के नाम पर 200 रुपये वसूलता था।

## प्रयागराज समाचार

### संगम तट पर आस्था का महायोग, 30 दिसंबर से प्रयागराज में जुटेंगे 25 लाख कल्पवासी




**प्रयागराज।** पूरे विश्व में कल्पवास करने का विधान केवल प्रयागराज में ही है। माघ मेले के दौरान गंगा-यमुना के पावन संगम तट पर नियम, संयम और साधना के साथ एक माह तक निवास करने की परंपरा को कल्पवास कहा जाता है।

इस वर्ष पौष शुक्ल एकादशी यानी 30 दिसंबर तक कल्पवासियों का मेला क्षेत्र में आगमन शुरू हो जाएगा। पौष शुक्ल पूर्णिमा 3 जनवरी से अनुमानित 20 से 25 लाख कल्पवासियों का कल्पवास आरंभ होगा, जो माघ पूर्णिमा एक फरवरी तक चलेगा। कल्पवास के लिए कई राज्यों तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों से लाखों श्रद्धालु दंडी बाड़ा, आचार्य बाड़ा, तीर्थ-पुरोहितों, खाक चौक एवं विभिन्न संस्थाओं के शिविरों में पहले ही अपने स्थान आरक्षित करा चुके हैं। ब्रह्म पुराण के अनुसार पौष शुक्ल एकादशी से माघ शुक्ल एकादशी तक कल्पवास का विधान है, जबकि वर्तमान में पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक कल्पवास की परंपरा प्रचलित है। वर्ष 1954 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी संगम तट पर स्थित अकबर के किले की छत पर एक माह तक कल्पवास किया था।

## चंदौली समाचार


### खंभा तोड़ते हुए अनियंत्रित डंपर पलटा खेल रहे बच्चे की मौत

**पीडीडीयू नगर।** बबुरी थाना क्षेत्र के उतरौत बाजार में बृहस्पतिवार की दोपहर दो बजे भारतमाला परियोजना के तहत सड़क निर्माण में लगा तेज रफ्तार डंपर बिजली का खंभा तोड़ते हुए सड़क किनारे पलट गया। इस दौरान वहां खेल रहे पांच साल के शिवांश की दबने से मौत हो गई। इससे नाराज लोगों ने डंपर का शीशा तोड़ दिया। ड्राइवर की लाठी-डंडे और लात-घूंसों से पिटाई की। लोगों ने ड्राइवर को पुलिस के हवाले कर दिया। गुस्साए लोगों ने एक घंटे तक जाम लगा दिया।

भारतमाला परियोजना में कार्य करा डंपर बृहस्पतिवार को मिट्टी लादकर डंपर उतरौत बाजार से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराने के बाद पलट गया। उसके नीचे दबकर पांच वर्षीय शिवांश पुत्र छोटू की मौत हो गई।

## मीरजापुर समाचार

### भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती "सुशासन दिवस" के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में किया गया भव्य आयोजन



**मीरजापुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती के अवसर पर दिनांक 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक आयोजित सुशासन सप्ताह के अन्तिम दिन पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में आयोजित भव्य समारोह मे मुख्य अतिथि मा0 विधायक रत्नाकर मिश्र व विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के द्वारा अटल के जी के राजनीतिक जीवन, राष्ट्रनिष्ठा और ऐतिहासिक निर्णयो के बारे में कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओ को अपने उद्‌बोधन के माध्यम से अवगत कराया गया। कार्यक्रम 19 दिसम्बर 2025 से 25 दिसम्बर 2025 तक सुशासन सप्ताह के दौरान जनपद के विभिन्न इण्टर कालेज व डिग्री कालेजो में आयोजित निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं एकल काव्य पाठ प्रतियोगिताओ में विजयी छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, डायरी, पेन आदि प्रदान कर पुरस्कृत भी किया गया। सुशासन सप्ताह के दौरान जनपद के ग्राम पंचायतो में भी ग्राम चौपाल "सुशासन सप्ताह–प्रशासन गांव की ओर" का आयोजन किया गया। जिसमें जन सामान्य की शिकायतो को सुनते हुए निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिला पंचायत सभागार में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर जनपद स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में सरदार पटेल इण्टर कालेज कोलना चुनार की कक्षा 12 छात्रा कालज को प्रथम स्थान, आर्य कन्या इण्टर कालेज मीरजापुर कक्षा 11 की मांसी कसेरा को द्वितीय एवं रामसूरत मालती इण्टर कालेज राजगढ़ मीरजापुर की कक्षा 12 छात्रा सौम्या मौर्या को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मा0 विधायक व अध्यक्ष नगर पालिका मीरजापुर के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## आजमगढ़ समाचार

### स्नेहा हत्याकांड के आरोपी का शव अतरौलिया में पेड़ से लटकता मिला



**आजमगढ़।** अंबेडकरनगर की छात्रा स्नेहा हत्याकांड में नामजद आरोपी सौरभ गौड़ (20) का शव बुधवार सुबह अतरौलिया थाना क्षेत्र के जमीन नंदना गांव के समीप लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। सौरभ के पैंट की जेब में मिले सुसाइड नोट में उसने अपनी खुदकुशी का जिम्मेदार स्नेहा के परिजनों और एक दरोगा को बताया है। लाश को देखते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अतरौलिया देवेंद्र नाथ दुबे फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। जांच में जुट रहे। सौरभ गौड़ अंबेडकरनगर जनपद के खरवईया गांव का रहने वाला था। सौरभ अंबेडकरनगर के थाना राजेसुल्तानपुर क्षेत्र की छात्रा स्नेहा की हत्या के मामले में आरोपी था। जानकारी मिलते ही थाना जहांगीरगंज के प्रभारी अजय प्रताप सिंह और क्षेत्राधिकारी आलापुर प्रदीप सिंह चंदेल भी पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि सौरभ और स्नेहा के बीच एक वर्ष से प्रेम संबंध थे। एक वर्ष पूर्व सौरभ स्नेहा के घर गया था, जहां परिजनों ने उसे पकड़ लिया था और उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई।

## गोरखपुर समाचार

### युवक ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या की फिर शव को घर के पीछे गड्ढा खोदकर दबा दिया



**गोरखपुर।** बेलघाट थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला की हत्या रिश्तों को शर्मसार करने वाली है। पुलिस की जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे दिल दहला देने वाले हैं। आरोप है कि युवक ने पहले पत्नी की गला घोंटकर हत्या की फिर शव को घर के पीछे गड्ढा खोदकर दबा दिया। पुलिस के अनुसार, युवक को शक था कि उसकी पत्नी किसी अनजान व्यक्ति से मोबाइल पर घंटों बात करती है और उसे तवज्जो नहीं देती। अवैध संबंधों के शक में युवक अक्सर विवाद करता था। 21 दिसंबर की रात भी मोबाइल पर बातचीत को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद मामला शांत हो गया और महिला सो गई।

आरोप है कि इसी दौरान युवक ने रस्सी से महिला का गला कसकर हत्या कर दी। आरोपी से पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने के लिए उसने शव को घर के पीछे गड्ढा खोदकर दबा दिया। पहले उसने कम गहरा गड्ढा खोदकर शव दबाया लेकिन कुछ समय बाद वहां से दुर्गंध आने लगी। इसके बाद उसने पास में ही दूसरा बड़ा गड्ढा खोदा और उसमें शव को दोबारा दबा दिया। बदबू रोकने के लिए करीब चार किलो नमक भी डाल दिया। इस तरह आरोपी ने मामले को छिपाने की कोशिश की और किसी को भनक नहीं लगने दी। जानकारी के अनुसार, युवक के पिता उरुवा बाजार में मजदूरी करते हैं। हत्या की जानकारी उन्हें चार दिन बाद युवक की मां ने मोबाइल फोन से दी, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। युवक की शादी दो साल पहले गोला थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। महिला के माता-पिता दोनों का निधन हो चुका था। मायके में उसका 10 वर्षीय भाई और आठ वर्षीय बहन हैं, जिनकी जिम्मेदारी भी महिला ही निभाती थी। वह अपने छोटे भाई-बहन के लिए एकमात्र सहारा थी। पुलिस को गुमराह करने के लिए युवक ने अलग कहानी गढ़ी। उसने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी ने घर में फंदा लगा लिया था। वह शव को नदी में बहा आया है। इस बयान के बाद एसओ विकासनाथ, एसआई आशीष कुमार त्रिपाठी, राधेश्याम सेहरा नदी के किनारे लगभग पांच किलोमीटर दूर तक दियारा क्षेत्र में खोजबीन करते रहे। जब शव नहीं मिला तो पुलिस को संदेह हुआ।

## लाइफ मंत्र

### अधिकमास 2026 कब लगेगा? जानिए मलमास की तिथि, महत्व और नियम

हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2026 धार्मिक दृष्टि से बेहद खास रहने वाला है। इस साल अधिकमास यानी मलमास लगने जा रहा है, जिसके कारण हिंदू नववर्ष 12 नहीं बल्कि 13 महीनों का होगा। अधिकमास को पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है और यह भगवान विष्णु को समर्पित होता है। आइए जानते हैं कि साल 2026 में अधिकमास कब लगेगा, इसका धार्मिक महत्व क्या है और इस दौरान कौन-से कार्य करने चाहिए और किनसे बचना चाहिए।



**क्यों खास है साल 2026**

हिंदू कैलेंडर चंद्रमा की गति पर आधारित होता है, जबकि अंग्रेजी कैलेंडर सूर्य की गति पर। दोनों कैलेंडरों के बीच हर वर्ष लगभग 11 दिनों का अंतर आ जाता है। इसी अंतर को संतुलित करने के लिए लगभग हर तीन साल में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास या मलमास कहा जाता है। साल 2026 में यही अतिरिक्त महीना जुड़ने के कारण हिंदू पंचांग के अनुसार यह वर्ष 13 महीनों का होगा, जो इसे धार्मिक रूप से विशेष बनाता है।

**क्यों लगता है अधिकमास या मलमास?**

ज्योतिषीय गणना के अनुसारः चंद्र वर्ष की अवधि लगभग 354 दिन

**सूर्य वर्ष की अवधि लगभग 365 दिन**

हर साल करीब 11 दिनों का अंतर बढ़ता जाता है। लगभग 32 महीने और 16 दिन (करीब 3 साल) में यह अंतर एक पूरे महीने का हो जाता है। इसी अंतर को संतुलित करने और ऋतु चक्र को सही रखने के लिए पंचांग में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास कहा जाता है।

**मलमास से पुरुषोत्तम मास बनने की कथा**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, प्रारंभ में इस महीने को मलमास कहा जाता था और इसे अशुभ माना जाता था। कोई भी देवता इस महीने का स्वामी बनने को तैयार नहीं था। तब यह महीना भगवान विष्णु के पास गया। भगवान विष्णु ने इसे 'पुरुषोत्तम' नाम दिया और वरदान दिया कि इस महीने में की गई भक्ति, जप और साधना का फल कई गुना प्राप्त होगा। तभी से यह पुरुषोत्तम मास कहलाया और भगवान विष्णु इसके अधिपति बने।

**2026 में कब लगेगा अधिकमास?**

**हिंदू पंचांग के अनुसारः**

**अधिकमास की शुरुआतः** 17 मई 2026

**अधिकमास का समापनः** 15 जून 2026

इस अवधि में पहले दिन व्रत रखना विशेष रूप से शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है और पुण्य की प्राप्ति होती है।

**मलमास में क्या करें और क्या न करें**

भगवान विष्णु की पूजा और आराधना, जप, तप, ध्यान और व्रत, दान-पुण्य और गौ- सेवा, रामायण, श्रीमद्भगवद्गीता जैसे धार्मिक ग्रंथों का पाठ और दान

**मलमास में क्या न करें**

विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार, नामकरण और अन्य मांगलिक कार्य।

मान्यता है कि इस दौरान किए गए मांगलिक कार्यों का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता।

**पुण्य प्राप्ति का विशेष समय**

धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, अधिकमास में एक दिन की पूजा सामान्य दिनों की 100 दिनों की पूजा के बराबर फल देती है।

यही कारण है कि इसे आध्यात्मिक साधना और आत्मशुद्धि के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है।

साल 2026 में आने वाला अधिकमास न केवल पंचांग की दृष्टि से बल्कि धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह समय भगवान विष्णु की भक्ति, दान और साधना के लिए विशेष फलदायी माना जाता है।

## रोमांटिक हनीमून का सपना, 2026 में इन खूबसूरत जगहों पर बिताना खास पल, बजट भी जानें



आज हम आपको दुनियाभर के बेस्ट हनीमून डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे रहें। जो साल 2026 में सबसे ज्यादा पसंद किए जा सकते हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि किस जगह पर कपल्स को कितना खर्च करना पड़ सकता है। शादी के बाद हर कपल के लिए हनीमून सबसे ज्यादा खास और यादगार समय होता है। यही कारण है कि सही डेस्टिनेशन चुनना बेहद जरूरी होता है। ज्यादातर कपल्स हनीमून के लिए ऐसी जगह का चुनाव करना चाहते हैं, जहां खूबसूरत नजारे, रोमांस, निजी पल और शानदार अनुभव सबकुछ एक साथ मिले। जिन कपल्स की शादी इस वेडिंग सीजन में हो रही है, उनको अभी से अपने हनीमून डेस्टिनेशन का चुनाव कर लेना चाहिए। वहीं कपल्स 2026 के ट्रेंडिंग हनीमून डेस्टिनेशन की बुकिंग करवा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दुनियाभर के बेस्ट हनीमून डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे रहें। जो साल 2026 में सबसे ज्यादा पसंद किए जा सकते हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि किस जगह पर कपल्स को कितना खर्च करना पड़ सकता है। ऐसे में हम आपको Top Trending Honeymoon Destinations 2026 की लिस्ट के बारे में बता रहे हैं।

**श्रीलंका**

खूबसूरत प्राकृतिक नजारों और शांत बीचेस के बीच जो कपल्स रोमांटिक समय बिताना चाहते हैं, वह श्रीलंका आ सकते हैं। यह उन कपल्स के लिए परफेक्ट है, जो एक ही ट्रिप में जंगल, बीच, हिल स्टेशन और संस्कृति का मिश्रण चाहते हैं। यहां पर आप कैंडी की झीलें और मंदिर, बेंटोटा और मिरिसा के रोमांटिक बीच, एला के मनमोहक पर्वत और सफारी का लुत्फ उठा सकते हैं। श्रीलंका में हनीमून पैकेज पर करीब 1,60,000 रुपए खर्च हो सकता है।

**मलेशिया**

मलेशिया में आपको एडवेंचर और लग्जरी का परफेक्ट मिश्रण मिलेगा। यह जगह हर साल कपल्स की फेवरेट रही है। वहीं साल 2026 में भी मलेशिया ट्रेंड में है। ऐसे में अगर आप भी मलेशिया में हनीमून पर जाना चाहते हैं, तो प्रति कपल पैकेज की कीमत 1,30,000 रुपए हो सकती है। मलेशिया में कुआलालंपुर की नाइट लाइफ को एंजॉय करने का मौका मिलता है। इसके साथ ही पेट्रोनास टावर्स, जेंटिंग हाइलैंड्स की कूल वादियां और लैंहकॉवी के रोमांटिक बीच पर घूम सकते हैं। यहां पर खाना, वॉटर स्पोर्ट्स और शॉपिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

**वियतनाम**

नेचर लवर्स के लिए वियतनाम स्वर्ग है। साल 2026 में यह जगह एशिया का सबसे तेजी से उभरता हुआ हनीमून डेस्टिनेशन बन सकता है। एशिया के सुंदर और पॉकेट फ्रेंडली रोमांटिक डेस्टिनेशन में शामिल होना चाहते हैं, तो आपको वियतनाम को एक्सप्लोर करना चाहिए। कपल के लिए वियतनाम हनीमून डेस्टिनेशन का खर्च लगभग 170000 रुपए हो सकता है। यहां पर आने वाले कपल्स हा लॉन्ग बे में कैंडल लाइट क्रूज पर जा सकते हैं। होई एन और दा नांग की रोमांटिक सड़कों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। इसके अलावा निन्ह बिन्ह की झील और पहाड़ों के शानदार और खूबसूरत दृश्य देख सकते हैं।

**बाली**

बता दें कि बाली इंडोनेशिया का रोमांटिक पैराडाइज है। हनीमून पर जाने वाले कपल्स की यह फेवरेट जगह है। यहां पर कल्चर, लग्जरी और रोमांस का परफेक्ट मिश्रण मिलता है। अगर आप बाली को अपने हनीमून के लिए चुन रहे हैं, यहां के उबुद के निजी पूल विला में स्टे करें। कुटा और सेमिनायक नाइटलाइफ का लुत्फ जरूर उठाएं। बाली के झरनों के पास रोमांस कर सकेंगे।



## भारत में स्कीइंग का जुनूनः इन शानदार जगहों पर लें बर्फ और रोमांच का मजा

**सर्दियों के मौसम में रोमांच और घूमने-फिरने का बेहतरीन मेल तलाश रहे हैं, तो स्कीइंग एक शानदार विकल्प साबित होती है। भारत के कई बर्फीले पर्यटन स्थल ऐसे हैं, जहां नए सीखने वालों से लेकर अनुभवी स्कीअर्स तक सभी के लिए यादगार अनुभव उपलब्ध हैं।**

विंटर में पहाड़ों पर बर्फ की चमक और ठंडी हवाएं एडवेंचर लवर्स को अपनी और जरुर खींचती हैं। स्कीइंग सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि बर्फ से ढकी वादियों के बीच खुद को आजाद महसूस करने का अनुभव है। स्कीइंग करने की चाहत रखने वाले लोग कई बार विदेश जाने का प्लान करते हैं, हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि भारत में भी विश्वस्तरीय स्कीइंग डेस्टिनेशन्स मौजूद हैं।

ऐसे में आप हिमालय की ऊंची चोटियां, प्राकृतिक स्नो और शानदार ढलानें भारत को विंटर स्पोर्ट्स के लिए शानदार हॉटस्पॉट बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में मौजूद स्कीइंग स्पॉट्स ना केवल प्रोफेशनल स्कीअर्स से लेकर शुरुआती लोगों के लिए भी बेहतरीन हैं। यदि आप इस सर्दी में कुछ नया, रोमांचक और शानदार अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं, तो आप भारत के इन टॉप स्कीइंग डेस्टिनेशन्स आपकी परफेक्ट विंटर ट्रैवल लिस्ट का हिस्सा जरुर होने चाहिए।

**गुलमर्ग, जम्मू-कश्मीर**

भारत का सबसे फेमस स्कीइंग डेस्टिनेशन हैं। यहां की पाउडर स्नो और लंबी ढलाने प्रोफेशनल स्कीअर्स को खास तौर पर आकर्षित करती हैं। स्कीइंग के अनुभव के लिए गुलमर्ग गोंडोला एशिया की सबसे ऊंची केबल कारों में से एक है।

**औली, उत्तराखंड**

औली को भारत का स्कीइंग हब कहा जाता है। यहां की ढलाने बिगनर और इंटरमीडिएट स्कीअर्स दोनों के लिए एकदम परफेक्ट हैं। हर साल औली में नेशनल और इंटरनेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप आयोजित की जाती हैं इसकी पहचान और भी मजबूत होती है।

**सोलंग वैली, हिमाचल प्रदेश**

वैसे तो मनाली एक पॉपुलर टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। यहां स्कीइंग के साथ स्नोबोर्डिंग और अन्य विंटर एक्टिविटीज का भी मजा लिया जा सकता है। अगर आप पहली बार स्कीइंग ट्राय करने वालों के लिए यह जगह एकदम सेफ है।

**कुफरी, हिमाचल प्रदेश**

शिमला के पास स्थित एक फैमिली-फ्रेंडली स्कीइंग डेस्टिनेशन है। यहां हल्की ढलानें और आसान ट्रैक्स बच्चों और नए स्कीअर्स के लिए एकदम उपयुक्त है।


**नारकंडा और पहलगाम**

यह जगह उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं जो भीड़ से दूर शांत वातावरण में स्कीइंग करना चाहते हैं। यह जगहें प्राकृतिक सुंदरता के अलावा एडवेंचर का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

**कब है बेस्ट टाइम?**

स्कीइंग के लिए दिसंबर से मार्च का समय सबसे बेस्ट माना जाता है। यदि आप सर्दियों में कुछ नया और रोमांचक अनुभव करना चाहते हैं, तो इन जगहों पर जरुर जाएं।

## नए साल के जश्न के लिए बजट में घूमने की 5 बेहतरीन जगहें, रोमांच से भरपूर होगा सफर



न्यू ईयर सेलिब्रेशन में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। अगर आप भी छुट्टियों में कहीं घूमने का मन बना रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए खास है। नए साल का जश्न मनाने के लिए जरूरी नहीं कि ज्यादा खर्च किया जाए, आप कम बजट में भी शानदार ट्रिप का आनंद ले सकते हैं। परिवार या दोस्तों के साथ न्यू ईयर मनाने का मजा ही अलग होता है। अगर आप भी कम खर्च में घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो आइए जानते हैं ऐसी 5 शानदार जगहों के बारे में, जहां आपका नया साल यादगार बन जाएगा। दिसंबर के साथ साल 2025 अब अपने आखिरी पड़ाव पर है और जल्द ही हम सभी नए साल 2026 का स्वागत करने वाले हैं। ऐसे में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए समय भी कम बचा है। अगर आप दोस्तों या परिवार के साथ कहीं घूमने का मन बना रहे हैं, तो यह लेख आपके लिए ही है। बिना ज्यादा खर्च किए भी आप नए साल का जश्न शानदार तरीके से मना सकते हैं। नववर्ष को खास बनाने के लिए भारत की इन 5 खूबसूरत और बजट-फ्रेंडली जगहों पर जरूर घूमने जाएं।

**ऋषिकेश**

नए साल का जश्न मनाने के लिए ऋषिकेश एक बेहतरीन और बजट-फ्रेंडली डेस्टिनेशन है। यहां घूमने के साथ-साथ आप कई रोमांचक गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं। बंजी जंपिंग, रिवर राफ्टिंग, बोटिंग और ट्रेकिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटीज युवाओं को खासा आकर्षित करती हैं। इसके अलावा, गंगा आरती को सामने से देखने का अनुभव बेहद सुकून देने वाला होता है। ऋषिकेश में घूमने के लिए परमार्थ निकेतन, त्रिवेणी घाट और नीलकंठ महादेव मंदिर जैसी प्रसिद्ध जगहें भी मौजूद हैं, जो आपकी ट्रिप को और यादगार बना देंगी।

**जयपुर**

नए साल का जश्न मनाने के लिए जयपुर एक शानदार और किफायती विकल्प है। पिंक सिटी के नाम से मशहूर यह शहर फैमिली और दोस्तों के साथ घूमने के लिए परफेक्ट है। यहां आप पत्रिका गेट, सिटी पैलेस, हवा महल जैसे ऐतिहासिक स्थलों के साथ कई लोकप्रिय म्यूजियम भी देख सकते हैं। रोमांच पसंद करने वालों के लिए जयपुर में पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून राइड का भी विकल्प मौजूद है। इसके अलावा, यहां की लेट नाइट पार्टियां न्यू ईयर सेलिब्रेशन को और भी खास बना देती हैं।

**मनाली**

अगर आप नए साल पर बर्फबारी का मजा लेना चाहते हैं, तो मनाली एक बेहतरीन डेस्टिनेशन है। इस समय यहां स्नोफॉल देखने को मिल रहा है, जो ट्रिप को और भी खास बना देता है। मनाली में आप स्कीइंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटीज के साथ लेट नाइट पार्टी का भी आनंद ले सकते हैं। घूमने के साथ-साथ यहां शॉपिंग के भी अच्छे ऑप्शन मिल जाते हैं। न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए मनाली को सबसे पसंदीदा जगहों में गिना जाता है। बजट में ट्रिप प्लान करने वालों के लिए यहां किफायती हॉस्टल आसानी से मिल जाते हैं। साथ ही, घूमने के लिए टैक्सी और बाइक किराए पर उपलब्ध रहती हैं।

**ऊटी**

अगर आप नए साल का जश्न मनाने के लिए दक्षिण भारत की ओर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो ऊटी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। साउथ का यह मशहूर हिल स्टेशन अपने खूबसूरत चाय बागानों और हरियाली के लिए जाना जाता है। सर्दियों के मौसम में ऊटी की प्राकृतिक सुंदरता और भी आकर्षक लगती है। कम बजट में आप यहां परिवार और दोस्तों के साथ सुकून भरी छुट्टियां बिता सकते हैं और नए साल को खास बना सकते हैं।

**उदयपुर**

राजस्थान का उदयपुर झीलों की नगरी के रूप में मशहूर है और नए साल का स्वागत करने के लिए यह शहर एक शानदार जगह है। लेक सिटी उदयपुर में आपको खूबसूरत झीलों के नजारे देखने को मिलेंगे, साथ ही यहां कई प्रसिद्ध म्यूजियम और ऐतिहासिक इमारतें भी हैं। कम बजट में भी आप उदयपुर की सैर कर सकते हैं और न्यू ईयर को यादगार अंदाज़ में सेलिब्रेट कर सकते हैं।

**शिमला**

अगर आपको पहाड़ों की वादियों में घूमना पसंद है, तो नए साल का जश्न मनाने के लिए शिमला एक बेहतरीन जगह है। सर्दियों के मौसम में यहां बर्फबारी देखने का अलग ही आनंद मिलता है। न्यू ईयर के मौके पर शिमला में लेट नाइट पार्टियों का माहौल भी काफी खास रहता है। घूमने के लिए यहां खूबसूरत चर्च हैं और शिमला की पहचान मानी जाने वाली मशहूर मॉल रोड पर टहलना और शॉपिंग करना ट्रिप को और यादगार बना देता है।


कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड 2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Neelam stone, Pokhraj stone, Panna stone, Manik stone, Moonga stone, Opal stone, Lahsuniya stone, Firoza stone, Gomed Stone, Diamond stone
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
1 Mukhi Rudraksh, 7 Mukhi Rudraksh, Trijugi Rudraksh, 9 Mukhi Rudraksh, 12 Mukhi Rudraksh, 14 Mukhi Rudraksh, 21 Mukhi Rudraksh, Ganesh Rudraksh, Gauri Shankar Rudraksh
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
गैस्ट्रो, पेट व लीवर रोग विशेषज्ञ
अनुभव : 05 वर्ष
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170